# 6.बसंत की सच्चाई

https://www.youtube.com/watch?v=VGziWz2Fsqg

https://www.youtube.com/watch?v=J6N-X60Ime4

[ DD Chandana Samveda Class ]

## I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए |

१.बसंत क्या-क्या बेचता था ?

उत्तर :बसंत बटन,दियासलाई,छलनी आदि बेचता था।

२.बसंत के भाई का नाम क्या था ?

उत्तर :बसंत का भाई का नाम प्रताप था।

३.पंडित राजकिशोर क्या काम करते थे ?

उत्तर :पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे।

४.छलनी का दाम क्या था ?

उत्तर :छलनी का दाम दो आना था ।

५.बसंत और प्रताप कहाँ रहते थे ?

उत्तर :बसंत और प्रताप भीखूँ अहीर के घर में रहते थे।

६.बसंत की सच्चाई एकांकी में कितने दृश्य हैं ?

उत्तर :बसंत की सच्चाई एकांकी में तीन दृश्य हैं।

७.एकांकी का प्रथम दृश्य कहाँ घटता है ?

उत्तर : एकांकी का प्रतम दृश्य बाज़ार में घटता है।

८.बसंत के घर पर डाक्टर को कौन ले आता है ?

उत्तर :बसंत के घर डाक्टर को अमरसिंह ले आता है।

९.पं.राजकिशोर के अनुसार बसंत में निहित दुर्लभ गुण क्या है ?

उत्तर :पं.राजकिशोर के अनुसार बसंत में निहित दुर्लभ गुण  ईमानदार है।

१०.पं राजकिशोर कहाँ रहते थे?

उत्तर :पं.राजकिशोर किशनगंज में रहते थे।

## II. दो – तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :-

१. छलनी से क्या-क्या छान सकते हैं ?

उत्तर :छलनी रसोईघर में काम आनेवाला एक मुख्य वस्तु है। इसके व्दारा हम पानी,दूध, आदि छान सकते हैं। साथ में चाय भी छान सकते हैं।

**२.बसंत राजकिशोर से क्या विनती करता है ?**

**उत्तर :बसंत राजकिशोर से इस प्रकार विनती करता है कि साहब ! बटन लीजिए, देसी बटन। दियासलाई लीजिए। छलनी लीजिए,जिससे पानी,दूध,चाय आदि छान सकते हैं। सबेरे से अब तक कुछ नहीं बिका। आपसे आशा थी। साहब एक तो ले लीजिए।**

**३.बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?**

**उत्तर :बसंत स्वाभिमान बालक था। वह किसी से पैसा लेना भीख के समान मानता था ।इसलिए वह राजकिशोर से दो पैसे लेने से इनकार करता है।**

**४. बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ?**

**उत्तर :बसंत एक रुपए नोट का चिल्लर लेकर आ रहा था । उसी समय वह मोटर के नीचे कुचल गया था। इसलिए बसंत राजकिशोर के पास नहीं लौटा ।**

**५. प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया ?**

**उत्तर :बसंत राजकिशोर को साढ़े चौदह आना देना था। वह भुना लेकर वापस आते समय मोटर के नीचे आ गया था । इसलिए उनके पैसे वापस देने के लिए प्रताप को भेजा था ।**

**६. बसतं ने राजकिशोर को छलनी खरीदने के लिए किस तरह प्रेरित किया ?**

**उत्तर :बसंत ने राजकिशोर से कहा कि, साहब छलनी की कीमत सिर्फ दो आना है। उसका सबेरे से कुछ नहीं बिका था, उनसे उसे पूरी आशा थी कि वे अवश्य कुछ खरीदेंगे। छलनी की कीमत कम कर छः पैसे में भी देने को तैयार था। इस तरह बसंत ने राजकिशोर को छलनी खरीदने के लिए प्रेरित करता है।**

**७.बसंत के पैर देखकर डाक्टर ने क्या कहा?**

**उत्तर :बसंत के पैर देखकर डाक्टर ने कहा कि लगता है, पैर की हड्डी टूट गयी है। दूसरा पैर ठीक है। तुरंत अस्पताल ले जाना होगा।**

**III. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :-**

**१. बसंत ईमानदार लड़का है। कैसे ?**

**उत्तर :बसंत अपने मेहनत से पैसे कमाना चाहता था। एक दिन उसका सामान बिक नहीं पाया। उसने राजकिशोर से आग्रह किया कि कम से कम एक छलनी तो खरीद लें। उसका आग्रह मानकर वे एक छलनी की कीमत के लिए एक रुपये का नोट दिया। बसंत के पास चिल्लर न होने के कारण**

वह भुनाने गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शाम को अपने भाई के हाथ में राजकिशोर का बाकी पैसा वापस कराया। इस तरह हम कह सकते हैं कि बसंत एक ईमानदार लड़का है।

**२.बसंत और प्रताप अहीर के घर में क्यों रहते हैं ?**

उत्तर ::बसंत और उसका छोटा भाई प्रताप अनाथ थे। उनके घर में और कोई नहीं था। उनके माता-पिता को दंगों के समय में किसी ने मार डाला था। बसंत ईमानदार तथा स्वाभिमान बालक था। वह किसी से भीख माँगकर जीवन बिताना नहीं चाहता था। वह खुद सामान बेचकर पैसा कमाता था। इसलिए वे भीखू अहीर के घर में रहते थे।

**३.राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए।**

उत्तर :पं.राजकिशोर मजदूरों के नेता थे। वे गरीबों के प्रति हमदर्दी दिखाते थे। मानवीय दृष्टि से उन्होंने बसंत का सामान खरीदा। जब उसको पता चलता है कि बसंत मोटर गाड़ी के नीचे कुचल गया है,तो वह तुरंत डाक्टर को फोन करके बुला लाता है और सारा खर्च खुद भर लेता है। चोट ज्यादा लगने पर एम्बुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल में भर्ती कराता है। यह उसके मानवीय व्यवहार का परिचय है।

**IV. अनुरूपता :**

१. पं.राजकिशोर : किशनगंज :: बसंत : भीखू अहीर का घर
२. पं. राजकिशोर : मजदूरों के नेता :: बसंत : एक गरीब शरणार्थी लड़का
३. पं.राजकिशोर : मालिक :: अमरसिंह : नौकर
४. प्रताप : छोटा भाई :: वर्मा : डाँक्टर
५. ? : प्रश्नार्थक :: ! : विस्मयादिबोधक चिन्ह

**V .रिक्त स्थान भरिए :-**

१. मैं अभी बाज़ार से भुना लाता हूँ।
२. मैं आपके साड़े चौदह आने लाया हूँ।
३. हम दोनों भीखूँ अहीर के घर में रहते हैं।
४. मैं एम्बुलेंस के लिए फोन कर आता हूँ।
५. इसमें एक दुर्लभ गुण है, यह ईमानदार है।

## VI.निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिए :-

१.एक छलनी में तुम्हें क्या बचेगा ? (वर्तमानकाल में )

एक छलनी में तुम्हें क्या बचता है।

२. मैं अभी बाज़ार से भुना लाता हूँ। (भूतकाल में )

मैं बाज़ार से भुना लाया था।

३. एक दूसरे व्यक्ति से पूछता है। (भविष्यतकाल )

एक दूसरे व्यक्ति से पूछेगा।

## VII.विलोमार्थक शब्द लिखिए :

| | | |
|---|---|---|
| १. पीछे x आगे | २. खरीदना x बेचना | ३.लेना x देना |
| ४.आना x जाना | ५.शांति x अशांति | ६. गरीब x अमीर |

## VIII. कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

**१. उसकी आयु लगभग 12 वर्ष की है।**

ಅವನ ವಯಸ್ಸು ಸುಮಾರು 12 ವರ್ಷಗಳು.

**२. सबेरे से अब तक कुछ नहीं बिका।**

ಬೆಳಿಗ್ಗೆಯಿಂದ ಈವರೆಗೆ ಸ್ವಲ್ಪವೂ ಮಾರಾಟವಾಗಿಲ್ಲ.

**३. मैं भीख नहीं लूँगा।**

ನಾನು ಭಿಕ್ಷೆ ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳುವುದಿಲ್ಲ.

**४. बड़ी मुश्किल से बसंत को घर ले गए।**

ಬಹಳ ಕಷ್ಟಪಟ್ಟು ಬಸಂತನನ್ನು ಮನೆಗೆ ಕರೆದುಕೊಂಡು ಹೋದರು.

**५. बसंत ओठ भींचकर आह खींचता है।**

ಬಸಂತನು ತುಟಿಯನ್ನು ಕಚ್ಚಿ ನೋವನ್ನು ಎಳೆದುಕೊಳ್ಳುತ್ತಿದ್ದನು.

**६. यह गरीब है पर इसमें एक दुर्लभ गुण है।**

ಇವನು ಬಡವನು ಆದರೆ ಇವನಲ್ಲಿ ಒಂದು ದುರ್ಲಭವಾದ ಗುಣವಿದೆ.

## I. लिंग पहचानकर अलग-अलग सूची बनाइए और उनके अन्य लिंग शब्द लिखिए :

**लड़का, बच्ची, दुबला, पतला, थैली, साहिबा, भाई, माँ, डॉक्टर, पंडिताइन**

**पुल्लिंग स्त्रीलिंग**

**उदा: १. लड़का - लड़की    २. बच्चा - बच्ची**

**३. दुबला - दुबल    ४. पतला - पतली**

**५.थैला - थैली    ६. साहिब - साहिबा**

**७.भाई - बहन    ८.बाप - माँ**

**९.डॉक्टर- डॉक्टर    १०.पंडित - पंडिताइन**

## II. रेखांकित शब्द का वचन पहचानिए और उस शब्द का अन्यवचन रूप लिखिए :

उदा : राजक्किशोर पर इस बात का बड़ा असर होता है। बातें

१. फिर वे जेब टटोलते हैं। जेबें

२.अंदर से आवाज़ आती है। आवाज़

३.एक लड़के की टाँगें मोटर के नीचे कुचली गई हैं। टाँग

४.बसंत आँखें बंद कर लेता है। आँख

५.लोग अपने-अपने घर लौट रहे हैं। घर

६.लोग घर की ओर लौट रहे हैं। लोग

७.मजदूरों की बस्ती में राजकिशोर का मकान है। मकान

८.बसंत के दोनों पैर कुचले गए। पैर

९.मेरे पास पैसे नहीं है। पैसा

१०.उसका कपड़ा फटा है। कपड़े

११.राजकिशोर खिड़की से झाँकते हैं। खिड़कियाँ

१२.बसंत के पैर की हड्डी टूट गयी है। हड्ड्रियाँ

## III. रिक्त स्थान भरिए :

| समस्त पद | विग्रह वाक्य | समास का भेद |
|---|---|---|
| उदा: बेहोश | होश जिसमें न हो | अव्ययीभाव समास |
| १. सुविधानुसार | जो सुविधा के अनुसार हो | तत्पुरुष समास। |
| २. दुबला-पतला | जो बहुत दुबला-पतला है | व्दंव्द समास |
| ३.नीला परदा | नीले रंगवाला परदा | तत्पुरुष समास |
| ४.पंद्रह मिनट | पंद्रह मिनट का समय | व्दिगु समास |
| ५.लंगडा | टूटे है पैर जिसके | बहुर्वीही समास |